आकाशवाणी केन्द्र शिमला

07.06.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

उपराष्ट्रपति दौरा

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ प्रदेश के दो दिवसीय दौरे के दौरान आज सोलन जिला के नौणी स्थित बागवानी व वानिकी विश्वविद्यालय में शोधार्थियों और प्राध्यापकों के साथ 'विकसित भारतः युवा, कृषि वैज्ञानिक दृष्टिकोण व संकल्प' विषय पर संवाद करेंगे। उप–राष्ट्रपति के दौरे को लेकर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। उप–राष्ट्रपति का आज ही दिल्ली वापिस लौटने का कार्यक्रम है।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत आतंकवाद के आगे नहीं झुकेगा। जम्मू–कश्मीर में विश्व के सबसे ऊंचे रेलवे आर्च ब्रिज– चिनाब ब्रिज और देश का पहला केबल पुल आधारित अंजी ब्रिज के लोकार्पण अवसर पर प्रधानमंत्री ने कहा कि पाकिस्तान ने पहलगाम आतंकी हमले के द्वारा इंसानियत और कश्मीरियत दोनों पर वार किया।

*पाकिस्तान ने पहलगाम में इन्सानियत और कश्मीरियत, दोनों पर वार किया। उसका इरादा भारत में दंगे कराने का था। उसका इरादा कश्मीर के मेहनतकश लोगों की कमाई को रोकना था। इसलिए पाकिस्तान ने टूरिस्ट्स पर हमला किया। वो टूरिज्म, जो बीते 4–5 साल में लगातार बढ़ रहा था, हर साल यहां रिकॉर्ड संख्या में टूरिस्ट आ रहे थे। उसको पाकिस्तान ने निशाना बनाया।*

प्रधानमंत्री ने जम्मू–कश्मीर के युवाओं से भारत की विनिर्माण क्रांति में शामिल होने की अपील की। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि पिछले 11 वर्ष में 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी के स्तर से ऊपर उठकर नव–मध्यम वर्ग में शामिल हुए हैं।

*केंद्र में भाजपा–एनडीए की सरकार को अब 11 साल हो रहे हैं। ये 11 साल, गरीब कल्याण के नाम समर्पित रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना से 4 करोड़ गरीबों का पक्के घर का सपना पूरा हुआ है। उज्ज्वला योजना से 10 करोड़ रसोइयों, उसमें धुएं का अंत हुआ है। आयुष्मान भारत योजना से 50 करोड़ गरीबों को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज मिला है।*

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू आज से ऊना ज़िले के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। इस दौरान वे जिले में लगभग 2 सौ 21 करोड़ रूपये के विभिन्न विकास कार्यों के उदघाटन व शिलान्यास करेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मुख्यमंत्री आज गगरेट में राजकीय डिग्री कॉलेज दौलतपुर चौक के भवन का शिलान्यास के अलावा अमलेहड़–भंजाल, शिववाड़ी पेयजल योजना सहित अन्य विकास कार्यों का लोकापर्ण करेंगे। बाद में वे दौलतपुर चौक के रामलीला मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल

भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद के नेतृत्व में सर्वदलीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने जर्मनी के विदेश मंत्री जोहान वेडफुल से मुलाकात की। वेडफुल ने पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की निंदा की और आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भारत के साथ मजबूत समर्थन और एकजुटता की पुष्टि की।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर आज हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के दो दिवसीय दौरे के दौरान कांगड़ा जिला के देहरा में जनसमस्याएं सुनेंगे। अनुराग ठाकुर दोपहर बाद नादौन में आम जनता से मुलाकात कर उनकी समस्याएं भी सुनेंगे। कल वे हमीरपुर में जनसंपर्क करेंगे और दोपहर बाद ऊना में जिला भाजपा कार्यालय में 11 साल मोदी सरकार विषय पर एक कार्यशाला में हिस्सा लेंगे।

ईद उल अजहा

बकरीद यानी कुर्बानी का त्यौहार ईद उल अजहा आज देश के कई हिस्सों में मनाया जा रहा है। ईदगाहों और मस्जिदों में ईद की नमाज़ अता की जा रही है। ईद उल अजहा हज़रत इब्राहिम द्वारा अल्लाह के आदेश का पालन करते हुए अपने इकलौते बेटे की कुर्बानी देने की याद में मनाया जाता है।

लिटरेचर फैस्टिवल

किन्नौर जिला के कल्पा में आज से दो दिवसीय लिटरेचर फैस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है। इसमें देशभर के इतिहासकार, साहित्यकार, कवि व समाजसेवी विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखेंगे। बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी इस फैस्टिवल का शुभारम्भ करेगें।

अब सुर्खियां समाचार पत्रों से...

उप–राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के दो दिवसीय प्रदेश दौरे से जुड़ी खबरों को आज सभी समाचार पत्रों ने प्रमुखता दी है। अमर उजाला का शीर्षक है–शिमला पहुंचे उप–राष्ट्रपति धनखड–सी. एम.से ओक ओवर में कई मसलों पर की चर्चा। पंजाब केसरी का शीर्षक है– उप–राष्ट्रपति प्रोटोकॉल के दायरे से बाहर निकल सी.एम. से मिलने ओक ओवर पहुंचे।

दैनिक जागरण की एक खबर है– शून्य दाखिले वाले 103 स्कूल बंद, 443 मर्ज, 75 का घटेगा दर्जा।

दो दिन में मनाली में 50 हजार, शिमला में 40 हजार से ज्यादा सैलानी पहुंचे दैनिक भास्कर की एक सुर्खी है।